दिन– शनिवार दिनांक– 26 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले के तहत इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। कहा – देश को विकसित बनाने की बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर।

02. पटना और बोधगया में आयोजित रोजगार मेले में दो सौ अस्सी से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के एक सौ इक्कीसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप। लू के कारण जन–जीवन अस्त–व्यस्त। औरंगाबाद में अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित किए।

–––बाइट–––

आप का दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है। आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रेक्चर निर्माण का है। आपका दायित्व श्रमिकों की जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। अपने कार्यों को आप जितनी ईमानदारी से पूरा करें उसका उतना ही सकारात्मक प्रभाव विकसित भारत की यात्रा में नजर आयेगा।

प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स– दो हजार पच्चीस के बारे में भी कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

–––बाइट–––

कुछ ही दिन बाद मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट फील्ड के इनोवेटर्स के लिए यह प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा जहां एंटरटेनमेंट से जुड़े स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्रियल लीडर से जुड़ने का मौका मिलेगा।

रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप पंद्रहवां रोजगार मेला आज देशभर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया।

---

इधर, पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित रोजगार मेले में दो सौ बीस से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने नियुक्ति पत्र सौंपा। ये नियुक्तियां– रेलवे, सीमा सुरक्षा बल, एम्स, डाक विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भारतीय खाद्य निगम और केंद्र सरकार के अन्य विभागों में की गई है। श्री ठाकुर ने नवनियुक्त कर्मियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण को साकार करने का आह्वान भी किया।

———बाइट———

वहीं, बोधगया में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने अड़सठ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए के शासन काल में महिला शक्ति का जबरदस्त उत्थान हुआ है।

———बाइट———

---

पटना के अधिवेशन भवन और आईआईएम बोधगया में आयोजित रोजगार मेले के दौरान नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों में काफी खुशी है। नव नियुक्त कर्मियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

———वॉक्सपॉप———

---

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल बिहार के नये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाये गये हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। श्री गुंजियाल वर्तमान सीईओ एच.आर. श्रीनिवास का स्थान लेंगे।

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में आतंकवाद रोधी अभियानों और सुरक्षाबलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से दूर रहने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने मीडिया से रक्षा अभियानों या गतिविधियों से संबंधित स्रोत आधारित सूचना पर रिपोर्टिंग करने से भी दूर रहने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा है कि समय से पहले ही संवेदनशील सूचनाओं का खुलासा देश विरोधी तत्वों के लिए सहायक साबित हो सकता है और अभियानों के प्रभाव और सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। मंत्रालय ने कहा है कि विगत की घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को उजागर किया है। करगिल युद्ध, मुंबई आतंकी हमलों तथा कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान अनियंत्रित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया था।

---

गृह मंत्रालय के आदेश पर बिहार सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें हर हालत में पाकिस्तान भेजने की कार्रवाइ शुरू कर दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि विदेश मंत्रालय के सहयोग से बिहार में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों को हर हालत में बिहार से पाकिस्तान भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

---बाइट---

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि आतंकवाद और देश की सुरक्षा के मामले में उनकी पार्टी केंद्र सरकार के साथ है। श्री यादव ने आतंकवाद को जड़ से खत्म करने पर जोर दिया।

---बाइट---

---

प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। लू के कारण जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। औरंगाबाद में अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं, पटना के सम्पतचक में भी अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री के

आस–पास रहा। अरवल में अधिकतम तापमान पैंतालीस दशमल आठ, जबकि गया जिले के इमामगंज में पैंतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि कल से राज्य के मौसम में तेजी से बदलाव होगा। विभाग ने तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। कल पटना, सीवान, गोपालगंज, शिवहर, मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और पूर्वी तथा पश्चिम चंपारण जिले में इसे लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, अट्ठाईस अप्रैल को राज्य के पच्चीस जिलों में विभिन्न स्थानों पर आंधी–पानी के साथ वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही नालंदा, नवादा, लखीसराय, समस्तीपुर, दरभंगा समेत नौ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि कुछ स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आज खरीफ मौसम सहायता के तहत चालीस हजार से अधिक लाभार्थी किसानों के बीच फसल सहायता योजना के तहत लगभग तैंतीस करोड़ रूपये का भुगतान किया। पटना के दीपनारायण सहकारिता प्रबंधन संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने इक्कीस जिलों के लाभार्थी किसानों को सीधे सहायता राशि का भुगतान किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने किसानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संवाद भी किया।

---

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा है कि टीआरई–थ्री शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है। श्री सिद्धार्थ ने कहा कि अगले सप्ताह तक इन शिक्षकों के पदस्थापना के आदेश जारी कर दिये जायेंगे।

———बाइट———

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि नियोजित शिक्षकों के लिए तीसरी सक्षमता परीक्षा का आयोजन दस से पंद्रह मई के बीच किया जाएगा। वहीं, चौथी और पांचवीं सक्षमता परीक्षा के लिए मई के दूसरे सप्ताह में प्रक्रिया शुरू होगी। चौथे चरण की सक्षमता परीक्षा का आयोजन चौदह और पंद्रह जून को किया जाएगा।

————बाइट———

---

कटिहार जिले के डंडखोरा थाना की हाजत में बंद एक शराब तस्कर को छुड़ाने के लिए कई उपद्रवियों ने थाने में तोड़–फोड़ किया। जिसमें थानाध्यक्ष समेत कई पुलिस कर्मी घायल हो गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले के तहत इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया। कहा – देश को विकसित बनाने की बड़ी जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर।

02. पटना और बोधगया में आयोजित रोजगार मेले में दो सौ अस्सी से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के एक सौ इक्कीसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप। लू के कारण जन–जीवन अस्त–व्यस्त। औरंगाबाद में अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।